# बीएचईएल ने परिवहन क्षेत्र में अपना व्यवसाय बढ़ाया; रीजेनरेटिव उपकरण वाले 25 नग 5000 एचपी एसी इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के लिए भारतीय रेलवे से ऑर्डर प्राप्त किया

नई दिल्ली: 4 जून : भारतीय रेलवे के पारंपरिक डीसी ट्रैक्शन मोटर से चलने वाले इलेक्ट्रिक इंजनों के आधुनिक बेड़े को ऊर्जा कुशल बनाने की दिशा में एक बड़ी तकनीकी प्रगति करते हुए, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने इन लोको में रेट्रो-फिटमेंट के लिए एक रीजेनरेटिव प्रणाली विकसित की है। सफल परिणामों के बाद, भारतीय रेलवे ने बीएचईएल को WAG-7 प्रकार के, रीजेनरेटिव सुविधा के साथ 25 ब्रॉड गेज 5000 एचपी एसी इलेक्ट्रिक इंजनों का ऑर्डर दिया है।

बीएचईएल इन लोकोमोटिव के लिए ऐसी प्रणाली विकसित करने वाली पहली संस्था है। इस प्रणाली में ब्रेकिंग मोड में ट्रेन की गतिज ऊर्जा का उपयोग करने की अनूठी विशेषता है, जिसे फिर से विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित किया जाता है और इसे ओएचई लाइनों के माध्यम से वापस इलेक्ट्रिक ग्रिड में भेजा जाता है। पहले यह ऊर्जा, उष्मा के रूप में लोकोमोटिव के डायनेमिक ब्रेकिंग रेसिस्टर्स (डीबीआर) में वेस्ट हो रही थी।

परिवहन क्षेत्र में अग्रणी, बीएचईएल पिछले छह दशकों से भारतीय रेलवे के साथ मिलकर काम कर रहा है ताकि उनकी रोलिंग स्टॉक और मेनलाइन इलेक्ट्रिक इंजनों के लिए इलेक्ट्रिक प्रणोदन (प्रोपल्शन) उपकरण की आवश्यकता को पूरा किया जा सके। बीएचईएल पिछले साल 6000 एचपी डब्ल्यूएजी -9 एच इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के 20 नगों की आपूर्ति कर चुका है एवं 10 और लोकोमोटिव की आपूर्ति इस वर्ष की जाएगी। कंपनी ने अपनी क्षमता को प्रति वर्ष लगभग 100 इंजनों के निर्माण और आपूर्ति करने तक बढ़ाया है।

नवीनतम तकनीकी उन्नति के साथ समाधान पेश कर, बीएचईएल भारतीय रेलवे की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार है। बीएचईएल ने अपने भोपाल, झांसी और बेंगलुरु संयंत्रों में परिवहन प्रौद्योगिकी और विनिर्माण सुविधाओं में अनुसंधान और विकास के लिए समर्पित केंद्र बनाए हैं।

कल के बीएचईएल के निर्माण' के लिए बीएचईएल ने परिवर्तन यात्रा शुरू की है और गैर-कोयला कारोबार को बढ़ाने के लिए विभिन्न विविधीकरण की पहल कर रहा है। यह परिवहन खंड में अपने व्यवसाय को बढ़ा रहा है और भारतीय रेल के लिए मेट्रो कोचों के निर्माण, हाई स्पीड रेलवे के लिए रोलिंग स्टॉक, रेलवे विद्युतीकरण तथा पर्यावरण के अनुकूल और ऊर्जा कुशल रोलिंग स्टॉक में प्रवेश करने के लिए इसने स्वयं को सुसज्जित किया है।

___